( केवल शासकीय प्रयोगार्थ )

# ❋ जिला वार्षिक योजना ❋

[ विकेन्द्रीकरण योजना के अन्तर्गत ]

वर्ष 1986-87

-54219
309.26
UTT-G

( जनपद—इटावा )

# प्रस्तावना

इटावा जनपद की वर्ष 1986-87 की विकेन्द्रित विकेन्द्रित प्रणाली पर आधारित वार्षिक जिला योजना प्रस्तुत करते हुये मुझे हर्ष है । वर्तमान योजना का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय क्षमताओं एंव संसाधनों के अधिकतम उपयोग द्वारा स्थानीय नियोजन प्रणाली को एक सुदृढ़ आधार प्रदान कराना है ।

सातवीं पंच वर्षीय योजना में राष्ट्रीय आय के संतुलित एंव न्यायपूर्ण वितरण की नीति पर आधारित देश के पिछड़े, अविकसित एंव निर्बल वर्गों के विकास हेतु विशेष अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया गया है । क्षेत्रीय विषमताओं को दूर करने, ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त बेरोजगारों एंव अर्द्ध बेरोजगारों की स्थिति समाप्त कराने, समाज के निर्धनतम एंव निर्बल वर्गों को आधारभूत मौलिक सुविधायें तथा सेवायें उपलब्ध कराने एंव उनके सर्वांगीण विकास हेतु अनेक विशेष कार्यक्रम लिये गये हैं ।

इटावा जनपद सदैव से एक पिछड़ा जनपद रहा है । जिसके कारण विकास की गति में एकरूपता नहीं रह पाती है । 2 अक्टूबर 1980 से जनपद के सभी विकास खण्ड एकीकृत ग्राम्य विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत ले लिये गये हैं । अनुसूचित जाति के गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को ऊपर उठाने हेतु स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना गतिशील है । राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से भी अधिकाधिक ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने की भरसक प्रचेष्टा है । इनके अतिरिक्त ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी योजना कृषि पुर्नवित्त एंव विकास निगम, ग्रामीण विद्युतीकरण, रामगंगा समादेश परियोजना , जिला उद्योग केन्द्र योजना, स्थानिक विकास आदि विभिन्न कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं ।

प्रस्तुत विकेन्द्रित जिला योजना वर्ष 1986-87 में कार्यान्वयन हेतु कुल 641.23 लाख रुपयों का परिव्यय चालू तथा नई योजनाओं के अन्तर्गत निर्धारित है। मैं आशा करता हूँ कि जिन उद्देश्यों के अन्तर्गत जनपद की विकेन्द्रित योजना वर्ष 1986-87 की संरचना की गई है, उन्हें प्राप्त करने में यह सफल होगी ।

( शरद अस्थाना )
जिलाधिकारी-इटावा

NIEPA DC
D03800

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B, Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No. 3800
Date 11.6.82

# विषय- सूची


| क्रमसं0 | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

भाग-1

जी0एन0-1

जिला योजना के अध्याय

| | |
|---|---|
| 1-भूमिका | 1-8 |
| 2-अवस्थापना संरचना साधन | 9-21 |
| 3-प्रशासनिक या संस्थागत ढांचा | 22-23 |
| 4-वित्तीय कार्यकलाप | 24-25 |
| 5-सेवा योजन सम्बन्धी समस्यायें | 26 |
| 6-पिछड़े समुदायों की समस्या | 27-28 |
| 7-जिला योजनाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन | 29-32 |
| 8-स्थानीय संस्थानों का वर्णन | 33-35 |
| 9-दीर्घकालीन विकास की रूपरेखा | 36-38 |
| 10-जिला योजना की पूर्वता | 39-40 |
| 11-राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम | 41-43 |
| 12-पिछड़े समुदाय के लिये कार्यक्रम | 44-46 |
| 13-जिले के विकास कार्यक्रम | 47-54 |
| 14-योजनाओं का वित्तपोषण | 55 |

भाग-2

जी0एन02

| | |
|---|---|
| 1-विभाग/सेक्टरवार वित्तीय परिव्यय सारांश | 1-2 |

सेक्टर-1

| | |
|---|---|
| 1-कृषि | 1 |
| 2-कृषि रक्षा | 2 |
| 3-उद्यान | 3 |
| 4-सामुदायिक फल संरक्षण | 4 |
| 5-भूमि सुधार | 5 |
| 6-निजी लघु सिंचाई | 6 |
| 7-राजकीय लघु सिंचाई | 7 |
| 8-भूमि एवं जल संरक्षण | 8 |
| 9-क्षेत्रीय विकास | 9 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 10- | पशुपालन | 10-13 |
| 11- | मत्स्य | 14 |
| 12- | वन | 15 |
| 13- | सामुदायिक विकास (पंचायत राज) | 16 |
| 14- | सामुदायिक विकास (प्रा0वि0दल) | 17 |
| 15- | सामुदायिक विकास (कृषि उत्पादन एवं ग्राम्य विकास) | 18 |
| | **सेक्टर -2** | |
| 16- | सहकारिता | 19 |
| | **सेक्टर-3** | |
| 17- | विधुत | 20 |
| | **सेक्टर-4** | |
| 18- | ग्रामीण एवं लघु उधोग | |
| | (1) जिला उधोग केन्द्र | 21 |
| | (2) हथकरघा | 22 |
| | (3) रेशम | 23 |
| | **सेक्टर-5** | |
| 19- | सार्वजनिक निर्माण विभाग (सड़क एवं पुल) | 24 |
| | **सेक्टर-6** | |
| 20- | शिक्षा (प्रारम्भिक शिक्षा) | 25-26 |
| 21- | माध्यमिक शिक्षा | 27 |
| 22- | खेलकूद | 28 |
| 23- | प्राविधिक शिक्षा | 29 |
| 24- | चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य | 30-31 |
| 25- | आयुर्वेदिक एवं यूनानी | 32 |
| 26- | जल सम्पूर्ति (जल निगम) | 33 |
| 27- | सामुदायिक विकास (ग्रामीण पेयजल) | 34 |
| 28- | सामुदायिक विकास (ग्रामीण आवास) | 35 |
| 29- | शिल्पकार प्रशिक्षण | 36 |
| 30- | सेवायोजन | 37 |
| 31- | अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग का कल्याण | 38-40 |
| 32- | समाल कल्यसण | 41 |
| 33- | पुष्टाहार (समाज कल्याण) | 42 |

| 2 | 3 |
|---|---|

भाग-3

:-:-:-:-:-

जी०एन० 3


| | |
|---|---|
| 1- कृषि विभाग | 1 |
| 2- कृषि रक्षा | 2 |
| 3- उद्यान विभाग | 3 |
| 4- सामुदायिक फल संरक्षण | 4 |
| 5- भूमि सुधार | 5 |
| 6- निजी लघु सिंचाई | 6 |
| 7- राजकीय लघु सिंचाई | 7 |
| 8- भूमि एवं जल संरक्षण | 8 |
| 9- क्षेत्रीय विकास | 9 |
| 10-पशुपालन | 10-11 |
| 11-मत्स्य | 12 |
| 12-वन | 13 |
| 13-सामुदायिक विकास (पंचायत राज) | 14 |
| 14-सामुदायिक विकास (प्रा०वि०दल) | 15 |
| 15-सामुदायिक विकास (कृषि उत्पादन एवं ग्राम्य विकास) | 16 |
| 16-सहकारिता | 17 |
| 17-विद्युत | 18 |
| 18-जिला उद्योग केन्द्र | 19 |
| 19-हथकरघा | 20 |
| 20-रेशम | 21 |
| 21-सार्वजनिक निर्माण विभाग (सड़क एवं पुल) | 22 |
| 22-शिक्षा विभाग (प्रारम्भिक शिक्षा) | 23-24 |
| 23-माध्यमिक शिक्षा | 25 |
| 24-खेलकूद | 26 |
| 25-प्राविधिक शिक्षा | 27 |
| 26-चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य | 28 |
| 27-आयुर्वेदिक एवं यूनानी | 29 |
| 28-जल संस्थान | 30 |
| 29-सामुदायिक विकास (हरिजन पेयजलकूप) | 31 |
| 30-सामुदायिक विकास (ग्रामीण विकास) | 32 |
| 31-शिल्पकार प्रशिक्षण | 33 |
| 32- सेवायोजन | 34 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 33- | अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग का कल्याण § | 35-36 |
| 34- | समाज कल्याण | 37 |
| 35- | पुष्टाहार §समाज कल्याण§ | 37 |

भाग- 4

जी0एन04

1-आधारभूत आंकड़े 1-47

2-मानचित्र 1- 4

सिंह/2: ।।



## अध्याय-1

**भूमिका :-**

इटावा जनपद प्रदेश के इलाहाबाद मण्डल में पश्चिम में स्थित है । इटावा के उत्तर में जनपद मैनपुरी एंव फर्रुखाबाद, पूर्व में कानपुर, दक्षिण में जालौन और पश्चिम में कुछ भाग आगरा एंव शेष भाग मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है । इस जनपद एंव मध्यम प्रदेश की सीमा को चम्बल नदी निर्धारित करती है । इलाहाबाद मण्डल के उत्तर पश्चिम में 26-21 और 27-1 उत्तरी अक्षाँस तथा 78-45 और 79-45 पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित इस जनपद का क्षेत्रफल सर्वेयर आफ इण्डिया के अनुसार 4327 वर्ग कि०मी० हैं । वर्ष 1982-83 के राजस्व अभिलेखों के अनुसार जनपद का क्षेत्रफल 4364.17 वर्ग कि०मी० है ।

भौगोलिक दृष्टि से जनपद मुख्य तीन भागों में विभाजित है :-

**प्रथम भाग :-**

पचार कहलाता है । यह सेंगर नदी के उत्तर पूर्व में है ।इसके अन्तर्गत मुख्यत: बिधूना, सहार, एरवा कटरा, अच्छदा, ताखा, एंव भरथना विकास खण्ड आते हैं । यह गंगा - जमुना के मध्य मैदानी भाग का अंश है । भूमि मामूली ऊँची नीची है । इसमें अन्हैया, पुरहा, अरिन्द एंव पाण्डौ छोटी- छोटी नदियाँ बहती है । इन नदियों में से केवल अरिन्द ही सतत् प्रवाहशील नदी कही जा सकती है । भूमि उपजाऊ है और सामान्य तथा दुमट है । जनपद की अधिकाँश कृषि अयोग्य भूमि इसी सम्भाग में है ।

**द्वितीय भाग :-**

धार का नाम से जाना जाता है । यह सेंगर एंव यमुना के बीच का भाग है । इसमें सिरसा मौसमी नदी बहती है। इस भाग में जसवन्तनगर, बढ़रेहर, महेवा अजीतमल, भाग्यनगर तथा औरैया विकास खण्ड स्थित है । जनपद का यह सम्भाग सबसे उत्तम है । यहाँ की मिट्टी दुमट और बहुत उपजाऊ है । इस कारण इस भाग को अन्न का भण्डार कहते हैं ।

तृतीय भाग :-

परपट्टी कहलाता है, जो यमुना चम्बल के मध्य में स्थित है । इसमें चम्बल एंव क्वारी सतत प्रवाहशील नदियाँ बहती है । यह भाग जनपद आगरा की सीमा से जमुना एंव क्वारी के संगम तक फैला हुआ है, । चम्बल तथा जमुना के उत्तंग तट वर्षाती कटाव के कारण बीहड़ के रूप में परिवर्तित होकर दुर्गम प्रतीत होते हैं । इन नदियों के दोनोंओर से 5 कि0मी0 क्षेत्र में 10 मीटर तक के गहरे खार बन गये हैं । इस भाग की जलवायु जनपद के अन्य भागों की तुलना में अपेक्षाकृत शुष्क एंव गर्म है । सिंचाई साधनअपर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है । इस सम्भाग में सम्पूर्ण चकरनगर विकास खण्ड तथा बाह्पुरा, जसवन्तनगर, अजीतमल व औरैया का कुछ भाग आता है । यहाँ की भूमि अधिकाँश बलुई दोमट और कंकरीली है । जिसके कारण कटाव अधिक होता है । भूमि उपजाऊ किस्म की होने पर भी सिंचाई साधनों की पर्याप्त मात्रा में कमी तथा बीहड़ होने के कारण पूर्ण उपयोगी नहीं है ।

भूमि संरचना :-

जनपद की मिट्टी मुख्यत: दुमट मटियार और भूड़ है। पचार की भूमि मुख्यत: दुमट है, परन्तु बीच-बीच में बड़े - बड़े ऊसर के भाग हैं । भूमि कहीं - कहीं नीची होने के कारण जलमग्न रहती है तथा उसके निकट तटवर्ती भूमि मटियार है । कहीं - कहीं पर भूड़ भी दिखाई देती है । पार की मिट्टी बहुत दुमट है और बहुत उपजाऊ है । पारपट्टी की भूमि हल्की दुमट एंव कंकरीली होने के कारण कटाव को बढ़ाती है । कटाव को रोकने के लिए इस जनपद में बीहड़ सुधार योजना चल रही है ।जमुना एंव चम्बल के तटों पर ऊँचे नीचे खार हैं । जिन्हें देखकर एक ओर जहाँ उनकी दुर्गमता का आभास होता है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति की अदभूत एंव अनोखी संरचना मन को मोह लेती है । जनपद की 436417 हे भूमि में से 38683 हे0 क्षेत्र बन के अन्तर्गत है । 26519 हे0 ऊसर अथवा कृषि अयोग्य हैं, 32245 हे0 कृषि के अतिरिक्त अन्य प्रयोग में लाई जाती है, 10501 हे0 कृषि योग्य बंजर एंव 2316 हे0 क्षेत्र में चारागाह हैं, 1304 हे0 भूमि पर उद्यान आदि के तथा 34664 हे0 परती भूमि के अन्तर्गत है । शेष 290185 हे0 भूमि पर कृषि होती है ।

समुद्र तट से ऊँचाई :-

जनपद इटावा समुद्र तल से 146.3 मीटर से लेकर 149.7 मीटर तक की ऊँचाई पर स्थित है ।

नदियाँ :-

जनपद की सतत् प्रवाहशील एंव मौसमी नदियों के नाम तथा जनपद के अन्तर्गत उनके प्रवाह की लम्बाई निम्न प्रकार है :-

| सतत् प्रवाहशील नदियाँ | कि0मी0 | मौसमी नदियाँ | कि0मी0 |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1-यमुना | 148 | 1-पुरहा | 48 |
| 2-चम्बल | 74 | 2-सिरसा | 29 |
| 3-कुवाँरी | 40 | 3-अहनैया | 56 |
| 4-सेंगर | 97 | | |
| 5-अरिन्द | 53 | | |

जनपद में पाण्डौ एंव सिन्ध नाम की दो धारायें और है । पाण्डौ धारा पचार भाग के उत्तरीय भाग में बहती हुई कानपुर जनपद को चली गई है । सिंध धारा जनपद के दक्षिण में बहकर कवाँरी नदी में मिल जाती है ।

जल निकास :-

जनपद का ढाल पश्चिम से पूर्व की ओर है । सेंगर नदी के उत्तर का भाग नीचा है अत: वर्षा ऋतु में इसमें पानी भर जाता है । यमुना एंव चम्बल के तल निचले होने के कारण बाढ़ की उग्रसमस्या साधारणतया उत्पन्न नहीं होती परन्तु नीचले भागों में वर्षा का पानी काफी जमा हो जाता है, जिससे निकास की कोई उचित व्यवस्था नहीं है । यमुना नदी में बाढ़ आने पर सेंगर नदी के प्रवाह में रुकावट आ जाती है । अत: उसके तटवर्ती क्षेत्रों को भी अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक क्षति उठानी पड़ती है । यमुना की बाढ़ नियंत्रण एंव पानी निकास

के लिए नये नालों के निर्माण के साथ ही इस जनपद की बाढ़ समस्या का समाधान हो सकता है ।

वर्षा :-

जनपद में विगत वर्षों में वर्षा का अभिलेख देखने से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1977-78 मे निरन्तर 3 वर्षों के अपेक्षाकृत वर्षा कम हुई है, परन्तु वर्ष 1978-79 में वर्षा की औसत वर्ष 1975-76 की अपेक्षा अधिक रहा है तथा वर्ष 1979-80 में वर्षा का औसत अत्यधिक कम रहा है । जबकि वर्ष 1980-81 में वर्षा का औसत 1158 मि0मी0 रहा है । वर्ष 1981-82 में भी अधिक वर्षा होने के कारण कृषि कार्य में बहुत हानि हुई है । वर्ष 1982-83 में वर्षा का औसत 919 मि0मी0 रहा है जो कि गत वर्ष से कम है । वर्ष 198 4-में 941 मि0मि0 वर्षा हुई है ।

वनस्पति एंव जन्तु :-

जनपद में मुख्यत: बबूल के वन भूमि के कटाव को रोकने के लिये वन विभाग द्वारा लागाये गये हैं । नहर विभाग द्वारा नहरों के किनारे-किनारे इक्वीलिप्टस शीशम एंव कहीं-कहीं विलायती बबूल के पेड़ भी लगाये गये हैं । यमुना एंव चम्बल नदियों के किनारे पारपट्टी में जो वन पाये जाते हैं, उनमें करील, झरबेरी और छींकुर आदि झाड़ियाँ की बहुतायत है । जामुन, नीम, बेल और बबूल के पेड़ सभी स्थानों पर जहाँ - तहाँ पाये जाते हैं । फलों में आम, अमरूद एंव बैर के बाग अधिकतर पाये जाते हैं ।

वन्य पशुओं में भेड़ियाँ, तेंदुआ, नीलगाय एंव लकड़बग्धा यमुना के दक्षिणी किनारों पर साधारणतया पाये जाते हैं । शेष वन्य जन्तुओं में सियार, लोमड़ी बन्दर एंव खरगोश जनपद के सभी भागों में देखे जाते हैं । पक्षियों में मोर, तीतर जलमुर्गी, टिटहरी, गौरैया, कबूतर, कौये एंव बतख सभी भागों में मिलते हैं ।

जनसंख्या एवं व्यवसाय :-

वर्ष 1971 की जनगणना के अनुसार इटावा जनपद की जनसंख्या 1447702 है जो उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या का 1.6 प्रतिशत है जबकि इसका क्षेत्रफल प्रदेश के

क्षेत्रफल का 1.5 प्रतिशत है । वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार आबादी 1742651 हो गई है । यह जनपद प्रदेश में 1971 की जनसंख्या के दृष्टिकोण से 35 वाँ एंव क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से 43 वाँ स्थान रखता है । जनगणना वर्ष 1971 की परिभाषा के अनुसार जनपद में 5 नगरीय क्षेत्र इटावा, औरैया, भरथना, जसवन्तनगर तथा लखना है । इन क्षेत्रों के अतिरिक्त अच्छल्दा, फॅफूद, बकेवरपुर, बिधूना, दिबियापुर अटसू तथा इकदिल ऐसे 7 टाउन एरिया है । जिन्हें जनगणना वर्ष 1971 में ग्रामीण क्षेत्र माना गया था । वर्ष 1981 की जनगणना में इन सातों टाउन एरिया को नगरीय क्षेत्र घोषित कर दिया गया ।

कुल जनसंख्या में पुरूषों एंव स्त्रियों की जनसंख्या क्रमशः 951655 और 790996 है । जनपद की ग्रामीण जनसंख्या 1485 हजार है । जिसमें 813561 पुरूष तथा 671439 स्त्रियाँ है । जनसंख्या का धनत्व जनपद में 403 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 है । यह धनत्व उत्तर प्रदेश में 377 तथा सम्पूर्ण भारत में 173 है । आँकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जनसंख्या की वृद्धि वर्ष 1931 से प्रारम्भ हुई और वर्ष 1971 तक यह लगभग दुगनी हो गई है । विगत 50 वर्षों में प्रदेश की जनसंख्या में 89.1 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में जनपद की जनसंख्या 97.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । स्वास्थ्य एंव चिकित्सा सेवा में वृद्धि होने के फलस्वरूप मृत्यु दर घटी है तथा जनसंख्या तदनुसार वढ़ती गई है । वढ़ती [illegible] नियंत्रण करना आवश्यकहै ।

वर्ष 1971 की जनगणना के अनुसार जनपद में कुल आबाद ग्रामों की जनसंख्या 1477 है । 92 प्रतिशत ग्रामों की आवादी 2000 से कम तथा 8 प्रतिशत ग्रामों की आवादी 2000 से अधिक — है । जनगणना के अनुसार जनपद में पुरूष स्त्री का अनुपात 1000 : 826 है । ग्रामीण एंव नगरीय क्षेत्र में यह अनुपात क्रमशः 824 तथा 851 है । स्पष्ट है कि नगरीय क्षेत्र में यह अनुपात ग्रामीण क्षेत्र के अनुपात से अपेक्षाकृत अधिक है ।

जनपद में वर्ष 1971 की जनगणना के अनुसार 28.8 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर है । जबकि प्रदेश में 21.64 प्रतिशत व्यक्ति ही साक्षर है । प्रदेश में 31.76 प्रतिशत पुरुष एंव 10.18 प्रतिशत स्त्रियाँ साक्षर हैं, जबकि जनपद में 38.9 प्रतिशत पुरुष तथा 16.6 प्रतिशत स्त्रियाँ साक्षर है । इस प्रकार साक्षरता की वृद्धि में जनपद प्रदेश के औसत की अपेक्षा अधिक अच्छा है ।

जनपद की जनसंख्या में 93 प्रतिशत हिन्दू , 6 प्रतिशत मुसलमान तथा 1 प्रतिशत अन्य धर्मों का अनुयायी है । जनपद के 95 प्रतिशत व्यक्तियों की मातृभाषा हिन्दी है । पश्चिम में ब्रज क्षेत्र एंव उत्तर पूर्व में कान्यकुब्ज क्षेत्र से मिला होने के कारण जनपद की ग्रामीण भाषा पर ब्रजभाषा एंव कान्यकुब्ज भाषा का स्पष्ट प्रभाव रहा है । प्रदेश के अन्य जनपदों की भाँति यह जनपद भी कृषि प्रधान रहा है ।प्रदेश में सामुदायिक विकास की अग्रगामी योजना का प्रारम्भ इसी जनपद के महेवा विकास खण्ड से हुआ था । अतः योजना कार्य में इस जनपद को अन्य जनपदों की अपेक्षा उन्नति के अधिक अवसर प्राप्त हुए हैं ।

जनगणना के आर्थिक विवरण :-

जनपद की कुल जनसंख्या में 27.3 प्रतिशत कार्य करने वाले तथा 72.7 प्रतिशत काम न करने वाले हैं । आर्थिक दृष्टिकोण से जनसंख्या का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्रम सं0 | मद का विवरण | वर्ष 1971 की जनगणना के अनुसार | |
|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1- | कुल जनसंख्या | 1447702 | 100.00 |
| 2- | (अ) कार्य करने वाले | 395253 | 27.30 |
| | 1-कृषक | 68724 | 18.56 |
| | 2-कृषक मजदूर | 51672 | 3.56 |
| | 3-पशुपालन, वन, मत्स्य, वृक्षारोपण एंव उत्खन् आदि | 2116 | 0.15 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 4- | घरेलू उद्योग धन्धे | 10059 | 0.70 |
| 5- | निर्माण कार्य | 2451 | 0.17 |
| 6- | विनिर्माण कार्य | 9964 | 0.69 |
| 7- | ब्यापार एंव वाणिज्य | 16325 | 1.13 |
| 8- | यातायात संग्रहण एंव संचार | 4100 | 0.28 |
| 9- | अन्य सेवायें | 29842 | 2.06 |
| 10- | §ब§ कार्य न करने वाले | 1052449 | 72.70 |

कुल कार्यशील जनसंख्या में कृषि कार्य में लगे हुये ब्यक्तियों §कृषक तथा कृषक मजदूर § का प्रतिशत 81 है, अर्थात् 81 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है । 2.54 प्रतिशत ब्यक्ति घरेलू उद्योग धन्धों में तथा 4.13 प्रतिशत ब्यक्ति वाणिज्य एंव ब्यापार में लगे हैं। वर्ष 1971 की जनगणना के समय कृषक मजदूर की परिभाषा में परिवर्तन के फलस्वरूप इसकी संख्या में काफी वृद्धि हुई है ।जीविका का साधन सबसे अधिक आय वाले श्रोत को माना गया है । इस कारण कुछ कृषक, घरेलू उद्योग धन्धों को एंव अन्य सेवाओं वाले ब्यक्ति कृषक मजदूर की श्रेणी में आ गये । आँकड़ों के अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि वर्ष 1961 से वर्ष 1971 तक के दशक में काम करने वाले ब्यक्ति जनसंख्या की वृद्धि के अनुपात से नहीं बढ़े हैं । इस दशक में जनसंख्या 22.5 प्रतिशत बढ़ी है जबकि कार्यशील ब्यक्ति केवल 2.7 प्रतिशत ही बढ़े हैं । इस प्रकार इस दशक में ऐसे ब्यक्तियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है, जो कार्य करने लायक हो गये परन्तु रोजगार नहीं पा सके । इनकी समस्या ग्रामीण एंव घरेलू उद्योग धन्धों से ही दूर की जा सकती है ।

प्रदेश की कुल जनसंख्या में 21.2 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति एंव जनजाति की है । जनपद में यहप्रतिशत 24.5 है ।

इस जिले की आर्थिक विशेषता यह है कि यह औद्योगिक दृष्टिकोण से पिछड़ा हुआ है । यहाँ कोई भी बड़ा उद्योग नहीं है । केवल एक सूत कताई मिल है ।

तथा एक मिनी सुगर प्लान्ट विकास खण्ड बसरेहर के ग्राम हरिहरपुरा में प्रस्तावित है । यह मध्यम श्रेणी का ही उद्योग है । फलस्वरूप यहाँ छोटे धन्धे § Ancillary units § भी नहीं है और व्यापार के दृष्टिकोण से भी यह जिला पिछड़ा हुआ है । एकओर कानुपर और दूसरी ओर आगरा होने के कारण भी यहाँ का ब्यापारिक विकास नहीं हो पाया है ।

यहक्षेत्र मुख्यत: कृषि प्रधान है । रबी में गेहूँ की उत्तम फसल होती है तथा मटर की भी उन्नत जातियाँ यहाँ बोई जाती है । जिसका बीज प्रदेश के अन्य जिलों को भेजा जाता है ।

पशुधन में इस क्षेत्र की भदावरी भैंस व जमुनापारी बकरी प्रसिद्ध है जो जिले के बाहर भी भेजी जाती है । जनसंख्या का एक भाग इनके पालन व इनसे प्राप्त पदार्थों द्वारा जीविका चलाता है ।

सामाजिक दृष्टिकोण से यहाँ वर्ग भेद व जातिवाद काफी बलशाली है जिसके कारण निर्बल वर्ग का विकास कम हो पाया है । व्यवसायोंका चयन भी मुख्यत: जाति के आधार पर ही होता है । अत: यहभी निर्बल वर्ग द्वारा आर्थिक उन्नति करने में बाधक है ।

अशोक/

## संचार साधन :-

जनपद की आन्तरिक व्यवस्था में पर्याप्त सुधार होने के उपरान्त भी उसे आवश्यकता के अनुकूल उस समय तक नहीं कहा जा सकता, जब तक कि इटावा जनपद के ग्रामीण अंचलों में सड़कों का निर्माण नहीं होता । जनपद की दो तहसीलें इटावा एंव औरैया राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित है । शेष दो तहसीलें भरथना एंव विधूना प्रत्यक्ष रूप से इटावा से जुड़ी हुयी हैं । यह व्यवस्था भरथना में सेंगर नदी पर पुल बन जाने से सम्भव हो सकी है । उदी चकरनगर मार्ग पक्का हो जाने से विकास खण्ड चकरनगर इटावा जनपद से जुड़ गया है ।

इटावा जनपद का मुख्यालय रेल एंव सड़क दोनों साधनों से पूर्व एंव पश्चिम मैनपुरी, लखनऊ तथा आगरा से जुड़ा हुआ है । यह मुख्यालय दिल्ली हावड़ा से उत्तर रेलवे के प्रमुख रेलमार्ग पर है । इटावा से होकर राष्ट्रीय मार्ग नं0 2 गुजरता है। इटावा होकर एक प्रदेशीय मुख्य मार्ग बरेली से ग्वालियर भी गुजरता है।

इस प्रकार यह जनपद जालौन के अतिरिक्त अपने सभी सीमावर्ती जनपदों जैसे आगरा , कानपुर, फर्रुखाबाद, मैनपुरी एंव भिण्ड से जुड़ा हुआ है ।

## क्रय-विक्रय :-

इस जिले में मुख्य व्यवसाय कृषि होने के कारण क्रय-विक्रय की मुख्य क्रियायें भी कृषि सम्बन्धित है । इसके लिये पारम्परिक मण्डियाँ व मेले तो हैं ही साथ में आधुनिक ढँग की कृषि मण्डियाँ भी बनाई गई है । यह मण्डियाँ औरैया भरथना, दिबियापुर, जसवन्तनगर, विधूना, तथा इटावा में है जहाँ पर कृषकों के लाभार्थ सभी सुविधायें उपलब्ध है । पशु व्यापार के लिये भी जिले के विभिन्न भागों में पशुओं के मेले लगते हैं। इनके अतिरिक्त इटावा, औरैया व दिबियापुर में औद्योगिक प्रदर्शनी तथा पशु मेला लगता है जहाँ पर दूर-दूर से व्यापारी आते है, और पूरे जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के निवासी खरीद करते हैं ।

जिले में भदावरी भैंस अपने घी के लिये प्रसिद्ध है । अतः इटावा, औरैया व कंचौसी प्रसिद्ध है । जहाँ का घी पूरे प्रदेश में भेजा जाता है ।

इस जिले में हथकरघा व ऊनी कालीन का काम भी बड़े पैमाने पर होता है । जिसका विक्रय केन्द्र इटावा नगर है । यहाँ से न केवल प्राप्त में बल्कि विदेश में भी माल भेजा जाता है ।

ग्रामीण क्षेत्र में क्रय-विक्रय को बढ़ावा देने हेतु ग्रोथ सेन्टर प्रत्येक विकास खण्ड में खोलें जा रहे हैं । जिनकी सूची निम्न है :-

ग्रोथ सेन्टर्स की सूची :-

| विकास खण्ड | क्षेत्र |
| --- | --- |
| 1-जसवन्तनगर | केस्त |
| 2-बढ़पुरा | ऊदी मोड़ |
| 3-बसरेहर | बसरेहर |
| 4-भरथना | वाहरपुर |
| 5-ताखा | ऊसराहार |
| 6-महेवा | महेवा |
| 7-चकरनगर | चकरनगर |
| 8-विधूना | बेला |
| 9-एरवाकटरा | एरवाकटरा |
| 10-सहार | सहार |
| 11-अछल्दा | हरचन्द्रपुर |
| 12-औरैया | करमपुर |
| 13-अजीतमल | भैरोपुर |
| 14-भाग्यनगर | ककोर |

भण्डारण एंव विधायन :-

इस जिले में केन्द्रीय भण्डारागार निगम व प्रदेशीय भण्डारागार निगम भण्डार इटावा व जसवन्तनगर में है तथा भारतीय खाद्य निगम के भी भण्डार हैं

जिनका ब्यौरा मूलभूत आँकड़ों से दिया गया है । इसके अतिरिक्त 21 शीतगृह है जिनमें आलूकी मुख्य उपज आलू को ग्रीष्म ऋतु में रखा जाता है ।

प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन, सहकारिता विभाग व कृषि विभाग का ग्रामीण क्षेत्रों में जाल बिछा हुआ है । इसके अतिरिक्त वर्ल्ड बैंक व राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा भी ग्रामीण गोदाम बनाये जा रहे हैं ।

इस जनपद में धान व दाल की विधायन मिलें भी हैं जो न केवल इस जनपद की पैदावार बल्कि आस-पास के जनपदों से कच्चा माल लेकर तैयार माल आस-पास के बाजारों में भेजते हैं। इस जनपद में देशी औषधियों का प्रसिद्ध कारखाना, "आनन्दकर" भी है जो अपना उत्पादन प्रदेश व उसके बाहर भेजता है ।

सिंचाई :-

योजना काल में सिंचाई के ब्यक्तिगत तथा राजकीय दोनों प्रकार के साधन अपनाये जाने हैं ताकि कृषि उत्पादन में सिंचाई साधनों की ब्यवस्था सुनिश्चित की जा सके ।

ब्यक्तिगत साधनों से अल्प सिंचाई :-

निजी अल्प सिंचाई साधनों का मुख्य उद्देश्य कृषकों को उनकी इच्छानुसार सुनिश्चित साधनों की ब्यवस्था करना है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा ग्रामीण अंचल का आर्थिक विकास तीव्रता से हो सके । जनपद की निजी अल्प सिंचाई की उपलब्धियों एंव भौतिक लक्ष्यों का विवरण निम्न तालिका में दिखाया गया है ।

| क्रम सं0 | मद का नाम | इकाई | 31-3-85 तक वास्तविक उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1- | पक्के कुएँ | संख्या | 13466 |
| 2- | रहट | संख्या | 10665 |
| 3- | नलकूप | संख्या | 6753 |
| 4- | पम्पिंग सेट | संख्या | 19648 |

इस जनपद में ब्यक्तिगत साधनों में निजी नलकूप, पम्पिंगसेट तथा रहट अधिक लोकप्रिय है । गत वर्ष प्रत्येक ग्राम विकास अधिकारी क्षेत्र में एक ग्राम का खेतवार सर्वेक्षण कराया गया था। जिस खेत§नम्बर§ के लिये सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है । उसे यह सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी । इस प्रकार जनपद में ग्रामों के प्रत्येक खेत को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी । अल्प सिंचाई कार्यों के लिए भूमि विकास बैंक ऋण देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रह है । इसके अतिरिक्त ब्यवसायिक बैंकों तथा एकीकृत ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा भी इस कार्यक्रम में पर्याप्त सहयोग दिया जा रहा है ।

राजकीय लघु सिंचाई :-

राजकीय लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत चतुर्थ योजना काल के अन्त तक इक्यासी राजकीय नलकूप थे । दिनांक 31-3-1985 तक इनकी संख्या 339 हो गयी है ।

बृहद् एंव मध्यम सिंचाई :-

बृहद एंव मध्यम सिंचाई के अन्तर्गत नहरों का प्रमुख स्थान है । वर्ष 73-74 तक नहरों द्वारा कुल 93897 हे0 क्षेत्रफल को सिंचाई की जाती थी । जिसे वर्ष 1982-83 में बढ़ाकर 131152 हे0 क्षेत्रफल नहरों द्वारा सिंचाई की गई । सिंचित क्षेत्रफल में से जो भाग नहरों द्वारा सींचा जाता है, उसको आवश्यकता अनुसार पानी नहीं मिल पाता है । राम गंगा नदी पानी योजना, टहरी बाँध योजना एंव समानान्तर निचली गंगा नहर परियोजना द्वारा पानी की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया है । प्रस्तुत योजना में चम्बल जल योजना तथा भोगनीपुर ब्राँच के आधुनिकीकरण का कार्य किया जाना है ।

ग्रामीण विद्युतीकरण :-

सर्वोन्मुखी विकास के लिये विशेषकर कृषि तथा उद्योग विकास के लिये विद्युत एक महत्वपूर्ण अवस्थापना है । इसके साथ ही साथ अन्य क्षेत्रों जिनमें परिवहन एंव संचार साधन सम्मिलित हैं के विकास के लिये भी विद्युत की महत्ता वर्तमान वैज्ञानिक युग में बढ़ गई है । औद्योगिक प्रगति के इस युग में विद्युत आर्थिक समृद्धि का एक शक्तिशाली साधन है । सिंचाई साधनों का निर्माण रसायनिक उर्वरकों का उत्पादन एंव सिंचाई साधनों का सफलतापूर्वक संचालन सभी कार्य विद्युत की उपलब्धता पर ही निर्भर है । इसलिए योजना में सिंचाई एंव विद्युत को प्राथमिकता दी गई है ।

इस योजना को विद्युत से सम्बन्धित मुख्य मदों की भौतिक उपलब्धियों एंव लक्ष्यों का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है :-

| क्रम सं0 | मद का विवरण | इकाई | 31-3-85 तक वास्तविक उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1- | विद्युतीकृत ग्राम | संख्या | 651 |
| 2- | आबाद ग्रामों से प्रतिशत | प्रतिशत | 44.5% |
| 3- | हरिजन बस्तियों का विद्युतीकरण | संख्या | 564 |

बैंक एंव ऋण सम्बन्धी सुविधायें :-

उत्तर प्रदेश जैसे निर्धन प्रदेश में घरेलू बचत बहुत कम हो पाती है जबकि विकास योजनाओं पर होने वाला व्यय केन्द्र द्वारा प्रदेश की आन्तरिक बचत के आधार पर स्वीकृत किया जाता है । अत: घरेलू बचत को प्रोत्साहन देने के लिये वित्तीय बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ विकास कार्यक्रमों की सफलता के लिये कृषि क्षेत्र में कृषकों को ऋण सम्बन्धी सुविधायें भी उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करते हैं । साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लघु उद्योगों एंव

नगरीय क्षेत्र में बड़े उद्योगों के लिये भी वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं ।

मार्च 1984 तक जनपद में 111 बैंक शाखायें कार्यरत थीं, जिनमें से 80 ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रही थीं । जनपद की लीड बैंक सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया है । इसके अतिरिक्त स्टेट बैंक आफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बड़ौदा इलाहाबाद बैंक, बैंक आफ इण्डिया, दी न्यू बैंक आफ इण्डिया, बरेली कारपोरेशन बैंक एवं क्षेत्र ग्रामीण बैंक की शाखायें भी जनपद में कार्यरत है ।साथ ही भूमि विकास बैंक जनपद में दीर्घकालीन ऋण की व्यवस्था कर रहा है एवं सहकारी बैंक द्वारा खाद और बीज के लिये कृषकों को ऋण सुविधायें उपलब्ध हैं ।जनपद में दिसम्बर 1984 तक सभी अनुसूचित बैंक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में दी गई वित्तीय सहायता का विवरण निम्न तालिका में दिखाया गया है ।

| क्रम सं0 | मद | धनराशि§हजार रु0§ |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1- | कुल जमा | 700194 |
| 2- | कुल अग्रिम | 399733 |
| 3- | प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण वितरण :- | |
| | क-कृषि | 173089 |
| | ख-उद्योग | 26605 |
| | ग-अन्य | 33291 |
| | कुल | 232985 |
| 4- | डी0आर0आई0 में ऋण वितरण | 9337 |

जनपद में दिसम्बर 1984 तक इन बैंकों की कुल जमा धनराशि 700194 हजार रुपये थी और उनके द्वारा 399733 हजार रुपये का ऋण बाँटा गया था । इस प्रकार दिसम्बर 1984 में ऋण और जमा पूँजी का अनुपात 57.08 प्रतिशत हो गया ।

बैंक के अतिरिक्त ए0आर0ती0 विभिन्न निगमों, विश्व बैंक एंव अन्य संस्थाओं द्वारा स्वीकृत एकीकृत योजनायें जनपद में कार्यरत हैं ।

जनपद में एक सहकारी बैंक एंव उसकी 20 शाखायें कार्यरत हैं। इनके द्वारा वर्ष 1983-84 तक 45082 हजार रूपये का ऋण वितरण किया गया तथा इनकी जमा धनराशि 13027 हजार रूपये थी ।

जनपद में भूमि विकास बैंक की चार शाखायें प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यरत हैं । मार्च 1984 तक 9704 हजार रूपये की धनराशि दीर्घकालीन ऋण के रूप में भूमि विकास बैंक द्वारा वितरित की गई ।

राष्ट्रीयकृत बैंकों के नियम साधारणतया जटिल होते हैं, जिनके पालन करने में कठिनाई का अनुभव होता है । अतः ऋण वितरण प्रणाली एंव प्रक्रिया का सरलीकरण अत्यावश्यक है । शासन इस सम्बन्ध में स्वयं प्रत्यनशील है ।

निर्बल वर्ग के उत्थान हेतु संस्थायें :-

समाज के कमजोर एंव पिछड़े वर्ग को श्रेणी में अनुसूचित जातियाँ, अनुसूचित जनजातियाँ तथा अन्य पिछड़े वर्ग आते हैं। इनके कल्याण के लिये शासन द्वारा चलाई गई योजनायें शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास तथा आर्थिक उत्थान से सम्बन्धित है ।

जनपद में वर्ष 1971 की जनगणना के अधार पर अनुसूचितजाति की संख्या 354,333 है, जो जनपद की कुल जनसंख्या का 24.5 प्रतिशत है । अनुसूचित जन जाति की जनसंख्या केवल 401 है, विकास खण्ड बसरेहर में 366 तथा 35 औरैया नगर में रहते हैं ।

पिछड़े वर्ग में 1.25 हे0 से कम के कृषक भूमिहीन मजदूर तथा पैतृक व्यवसायगत घरेलू उद्योगों में कार्यरत व्यक्ति आते हैं । सामान्यतया इस वर्ग की जनसंख्या लगभग 3 लाख है । अभी तक इस क्षेत्र में लागू कार्यक्रमों से

अनुसूचित जाति ही विशेष रूप से लाभान्वित हुई है, परन्तु अब पिछड़ी जातियों को शिक्षा एंव सेवाओं के क्षेत्र में आरक्षण आदि की व्यवस्था से उस की भी दूर करने का प्रयास किया गया है ।

पेयजल व्यवस्था के सम्बन्ध में शासन की इच्छानुसार कार्य संचालित हो रहा है एंव हरिजन एंव पिछड़े वर्ग की बस्तियों में इस वर्ष 60 पेयजल कूपों का निर्माण हो चुका है एंव अगले वर्ष 1985-86 के लिये 32 हैण्ड पम्प निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । वर्ष 1984-85 तक 385 इण्डिया मार्क-2 हैण्ड पम्प भी लगाये जा चुके हैं । ग्राम सभाओं के पास उपलब्ध अतिरिक्त भूमि तथा भूमि जोत सीमा अधिनियम के अन्तर्गत घोषित अतिरिक्त भूमि में से जनपद के भूमिहीन किसानों तथा अन्य निर्धन परिवारों को आवास एंव कृषि हेतु भूमि आ-वॅण्टित करके लाभान्वित किया जा रहा है ।

ग्रामीण क्षेत्र में निर्बल वर्ग के उत्थान हेतु अन्त्योदय कार्यक्रम संचालित है तथा ग्रामीण मजदूरों को रोजगार क अवसर उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण योजना के अन्तर्गत सड़क निर्माण का कार्य बहुत तेजी के साथ चलाया गया है । इसके अतिरिक्त एकीकृत ग्राम्य विकास योजना तथा स्थानीय विकास की योजना भी इस वर्ग के कल्याण के लिये जनपद में चल रही है । साथ ही साथ इस वर्ग के आवासहीन या झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों के लिये शासन के निर्देशानुसार आवास योजना भी जनपद में विकास खण्डों के माध्यम से चल रही है ।

जनपद को निराश्रित विधवाओं को अनुदान की व्यवस्था की गई है तथा वयस्क महिलाओं के सुधार हेतु जिला में एक महिला शरणालय एंव प्रवेशालय कार्यरत है । अपराधी प्रवृत्ति के बच्चों के लिए एक राजकीय अनुमोदित स्कूल भी कार्य कर रहा है ।

<u>एकीकृत ग्राम्य विकास योजना :-</u>

एकीकृत ग्राम्य विकास योजना का शुभारम्भ जनपद इटावा नवम्बर 1978

से हुआ था । प्रारम्भ में जनपद के 9 विकास खण्डों में यह योजना लागू की गई थी, 2 अक्टूबर 1980 से योजना का बिस्तार जनपद के समस्त 14 विकास खण्डों में कर दिया गया है । योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को आय वृद्धि कर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है ।

वर्ष 1981-82 हेतु प्रति विकास खण्ड 6 लाख रुपये व्यय करने का लक्ष्य रखा गया था । इस प्रकार पूरे जनपद हेतु 84 लाख रुपये व्यय करने का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया था । 600 लाभार्थी प्रतिवर्ष के हिसाब से 8400 पात्र परिवारों को लाभान्वित करने का उद्देश्य था जिसके विपरीत 3627 हजार रु0 व्यय किया गया, जिसे 3632 शुद्ध लाभार्थी परिवार लाभान्वित हुये थे । शासन के निर्देशों के अन्तर्गत वर्ष 1980-81 में प्रतिविकास खण्ड-5 लाख वर्ष 1981-82 में 60 लाख तथा 1982-83 , 1983-84 एंव 1984-85 हेतु 80 लाख रुपये प्रति विकास खण्ड प्रतिवर्ष व्यय करने का निशाना रखा गया है, जिसमें इन 5 वर्षों में प्रति विकास खण्ड 3000 परिवार लाभान्वित करने का निशाना निर्धारित किया गया है ।

वर्ष के अन्त तक लाभार्थी परिवारों एंव निर्धारित व्यय के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु योजना पुनरोन्मित की जा रही है ।

<u>स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना :-</u>

स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना का शुभारम्भ 2 अक्टूबर 1980 को इस जनपद में हुआ था । इस योजना का मुख्य उद्देश्य हरिजन परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का है । इस हेतु छठीं पंचवर्षीय योजना काल के अन्त तक 50 प्रतिशत हरिजन परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास किया गया है । इस हेतु सघन रूप से कार्य करने हेतु गत वर्ष विकास खण्ड महेवा का चयन किया गया था । विशेष सचिव, हरिजन एंव समाज कल्याण अनुभाग-3 के पत्र संख्या : 6479/26-3581-12/1/80 दिनांक 21 सितम्बर 1981 द्वारा चार विकास खंड भाग्यनगर, औरैया, अजीतमल, बलरेहर के चयन सम्बन्धी सूचना प्राप्त हुई है ।

इस प्रकार अब विकास खण्ड में स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना के अन्तर्गत जनपद में 8 विकास खण्ड चयनित हो गये हैं ।

वर्ष 1982-83 में स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अनु0 जाति वित्त एंव विकास निगम द्वारा 1600 हरिजन परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विपरीत 2884 लोगों को मार्जिन मनी व अनुदान देकर लाभान्वित कराया गया । इसके अतिरिक्त सामान्य विकास विभागों से 8000 हरिजन व्यक्तियों को लाभान्वित कराने का लक्ष्य रखा गया था । इसके विपरीत 9927 हरिजन परिवारों को लाभान्वित किया गया जिसमें से 4006 आई0आर0डी0 [illegible] लाभान्वित हुये ।

वर्ष 1982-83 [illegible] वित्तीय लक्ष्य के विपरीत 38.05 लाख रुपये की पूर्ति हुई । [illegible] 201.08 लाख अनुदान एंव मार्जिन मनी ऋण देकर लाभान्वित [illegible] गया गया। इस प्रकार गत वर्ष भौतिक तथा वित्तीय लक्ष्य के विपरीत पूर्ति शत-प्रतिशत से अधिक रही ।

गत वर्ष से 6000/- की योजनाओं पर हरिजन लाभार्थियों को 50 प्रतिशत अनुदान देने का प्राविधान रखा गया था , जबकि इसके पूर्व 25 प्रतिशत या 33-$\frac{1}{2}$-प्रतिशत अनुदान देना शामिल था ।

इसके अलावा हर विकास विभाग में उनकी योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु परिव्यय मात्राकृत किया गया है और विकास विभागों के इस जनपद के हरिजन परिवारों को लाभान्वित कराने हेतु शासन ने लक्ष्य निर्धारित किये हैं जिलाधीश महोदय, ने इस कार्यालय के पत्र संख्या- 279-81 दिनांक 24 अगस्त 1981 के अनुसार सभी जिला स्तरीय अधिकारी § विकास§ को निर्देशित किया था कि वे अपने विभागों में अपने लक्ष्य का 25 प्रतिशत हरिजन परिवारों को लाभान्वित कराने का लक्ष्य निर्धारित करें । इसलिये प्रत्येक विकास विभाग में उनके लक्ष्य का 25 प्रतिशत या उनके विभाग द्वारा जो मात्राकृत किया गया है, लक्ष्य निर्धारित होने चाहिए ।

## हरिजन समाज कल्याण :-

सदियों से समाज में शोषण, ताड़ना एंव अपभ्रष्ट जीवन ब्यतीत करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जाति तथा पिछड़ी जाति के कल्याण को तीव्रगामी गति देने के दृष्टिकोण से एंव समाज के परित्यक्त निराश्रित बालकों, महिलाओं, विकलांगों, पतित तथा पतोन्मुख महिलाओं एंव समाज के ऐसे वर्ग जिन्हें सम्बल की आवश्यकता है, के सर्वांगीण विकास के दृष्टिकोण से हरिजन तथा समाज कल्याण विभाग अपने दायित्वों को निर्वाह करता आ रहा है ।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जाति तथा पिछड़ीजाति -यों के स्तर को ऊपर उठा कर समाज के अन्य वर्गों के समकक्ष लाने के उद्देश्य से विभाग ने जो योजनायें संचालित कर रखी हैं, उन्हें मुख्यता तीन वर्गों में रखा जा सकता है ।

क-शैक्षिक कार्यक्रम

ख-आर्थिक उत्थान सम्बन्धी कार्यक्रम

ग-स्वास्थ्य, आवास एंव अन्य कार्यक्रम

## शैक्षिक कार्यक्रम :-

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के पूर्व दशम कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है । साथ ही मेधावी एंव निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा का प्राविधान है। दशमोत्तर कक्षाओं में जिनछात्रों के अभिभावकों की मासिक आय 750-00 रु0 तक है, उनको निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है ।

## आर्थिक उत्थान सम्बन्धी कार्यक्रम :-

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एंव विमुक्त जाति के ब्यक्तियों को विभिन्न विकास निगमों के माध्यम से कुटीर उद्योग , खेती करने वाले कृषि यन्त्र क्रय करने हेतु आर्थिक सहायता देने की सुविधा उपलब्ध है ।

चालू योजनायें :-

पूर्व दशम कक्षाओं में छात्राओं एंव कक्षा 9 व 10 विज्ञान के छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृति करने के लिये अधिक धन की आवश्यकता है । क्योंकि छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति करने के बाद विज्ञान के समस्त छात्र लाभान्वित नहीं हो पाते ।

2:- पूर्व दशम कक्षाओं के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध है । इस सम्बन्ध में उनकी संख्या प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ रही है । जिसमें योजनागत मद में अधिक से अधिक धन की आवश्यकता है ।

3:- इस जनपद में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शिक्षा का प्रचार अधिक है और वह सुदूर गॉव से मुख्यशिक्षा केन्द्रों में पढ़ने के लिये आते हैं, जिससे उन्हें आवास की समस्या होती है उनकी सुविधा के लिये बाबरपुर ॥ तहसील औरैया ॥ तथा खरगपुर सरैया ॥ भरथना ॥ में निर्माणाधीन योजना पूर्ण कराने की योजना है तथा छात्रावास विधूना और अजीतमल में स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा निर्मित कराने की योजना है ।

4:- कक्षा 10 व 12 के अनुसूचित जाति के छात्रों को विशेष कोचिंग की योजना लोकप्रिय है । वर्ष 1982-83 में दो केन्द्र स्वीकृत है । वर्ष 1983-84 में 2 केन्द्र संचालित कराने की योजना है ।

5:- वर्ष 1982-83 में प्रथम श्रेणी में कक्षा 10 उत्तीर्ण करने के लिये 47 विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया था । वर्ष 1983-84 में 60 विद्यार्थियों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये हैं । जिन्हें 400 रु0 प्रति छात्र की दर से धनराशि दी गई है ।

6:- शासन द्वारा 50 प्रतिशत अंक पाये हुये दशमोत्तर कक्षाओं के पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने की योजना विचाराधीन है । जिसमें 2500000 रु0 व्यय होगें ।

नई योजनायें :-

नई योजनाओं में बालिकाओं के लिये छात्रावास की योजना शासन द्वारा प्रत्येक जनपद के लिये स्वीकृत है । धन एंव स्थल की ब्यवस्था की जा रही है । बालकों के छात्रावास के लिये भूमि उपलब्ध हो गई है । वर्ष 1982-83 में 6 लाख की लागत से निर्माण कार्य हरिजन एंव निर्बल वर्ग आवास निगम की यूनिट द्वारा चल रहा है ।

2:- न्यूनतम आवश्यकता में आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्ष 50 ब्यक्तियों को अनुदान देने का विचार है तथा वर्ष 1983-84 में 14 विकास खण्डों में 2 हजार की दर से 20 भवन प्रति विकास खण्ड में बनवाये गये हैं ।

समाज कल्याण :-

विकलाँग छात्रवृत्ति विधार्थियों को निदेशालय द्वारा ब्यक्तिगत रूप से स्वीकृति की जाती है । अन्तराष्ट्रीय विकलाँग वर्ष के अवसर पर शासन द्वारा 50 रुपये प्रतिमाह निराश्रित ब्यक्तियों को देने की योजना है । इसमें 44 ब्यक्तियों को अनुदान स्वीकृत किया गया है ।

2:- सफाई कर्मचारियों एंव कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिये शिशुशाला एंव बालवाड़ी की स्थापना एंव संचालन के लिये स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता देने का विचार है ।

3:- अपराधी बालकों को स्वावलम्बी बनाने के लिये राजकीय अनुमोदित विद्यालय इस जनपद में संचालित है किन्तु भवन की ब्यवस्था संतोषजनक नहीं है । इसके लिये ग्राम कोकपुरा तहसील इटावा में स्थित 30 बंगालियों॥ रिफ्यूजी॥ के लिये निर्मित किन्तु इस समय रिक्त 30 आवासों को पुर्नवास विभाग से क्रय करने एंव उसमें आवश्यक संशोधन कर अनुमोदित विद्यालय भवन के रूप में परिणित करने की योजना है । पुर्नवास विभाग इन आवासों को बेचने के लिये सहमत है।

अशोक/

## अध्याय-3

### प्रशासनिक तथा संस्थागत ढाँचा :-

इस जिले में भी अन्य जिलों की भाँति जिले का प्रशासन मुख्य तीन अँगों में बाँटा गया है ।

।:-सामान्य प्रशासन एंव राजस्व

2:- न्यायपालिका

3:- स्थानीय स्वायत्त शासन संस्थायें

इनके अतिरिक्त कुछ अभिकरण एंव निगम आदि भी कार्य कर रहे हैं । जिलाधिकारी जिले के सर्वोच्च अधिकारी है। वे सभी विभागों के बीच में समन्वय स्थापित करते हैं तथा पूरे जिले के विकास कार्यों को नियोजित व कार्यान्वित कराते हैं । उनकी प्रशासनिक टीम में जिला जज, पुलिस अधीक्षक , जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी आदि सम्मिलित हैं ।

पूरा जिला 4 तहसीलों में बाँटा है ।

| | |
|---|---|
| ।:- इटावा | 2- भरथना |
| 3- औरैया | 4- विधूना |

प्रत्येक तहसील के अधिकारी परगनाधिकारी हैं और उनके अधीन तहसीलदार आदि हैं ।

जिले में ।4 विकास खण्ड हैं जिनके नाम निम्न प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| ।-जसवन्तनगर | 2-बढ़पुरा |
| 3-बसरेहर | 4-भरथना |
| 5-ताखा | 6-महेवा |
| 7-चकरनगर | 8-विधूना |
| 9-एरवाकटरा | ।0-सहार |
| ।।-अछल्दा | ।2-औरैया |
| ।3-अजीतमल | ।4-भाग्यनगर |

इस जिले में एक औद्योगिक केन्द्र जसवन्तनगर में है ।

ग्रामीण क्षेत्रों की स्वायत्त शासन संस्था जिला परिषद है । इटावा शहर में नगरपालिका है। इसके अतिरिक्त औरैया, जसवन्तनगर, भरथना में भी नगरपालिकायें हैं । इनके अलावा लखना, विधूना, अजीतमल, अछल्दा, दिबियापुर इकदिल, फफूँद , अटसू में टाउन एरिया है ।

इस जिले में निम्नलिखित संस्थायें भी कार्यरत हैं ।

1:- जिला विकास अभिकरण

2:- अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम

3:- केन्द्रीय भण्डारागार निगम

4:- प्रादेशिक भण्डारागार निगम

5:- भारतीय खाद्य संस्थान

6:- जीवन बीमा निगम

7:- सामान्य बीमा निगम

8:- अग्रगामी विकास परियोजना §अजीतमल§

9:- जल निगम

10:-राज्य सड़क परिवहन निगम

11:-प्राविन्सियल कोआपरेटिब फेडरेशन

इन सभी संस्थाओं का जनपद के विकास में अपना विशिष्ट स्थान है ।

जिले में सहकारी संस्थाओं का भी प्रमुख योगदान है । जिला सहकारी बैंक, सहकारी हाउसिंग सोसाइटी, मछुआरों की सोसाइटी, उद्यमियों की सोसाइटी भी जिले के विकास में अपनी भूमिका अदा कर रही है ।

अशोक/

<u>अध्याय-4</u>

इटावा जनपद उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा घोषित पिछड़े जिलों में से एक है । इसमें छ: नगरीय क्षेत्रों § इटावा, भरथना, औरैया, जसवन्तनगर, दिबियापुर एंव अछल्दा § में मुख्य रूप से उद्योग स्थापित है। इटावा शहर में हैण्डलूम, धान एंव दाल मिल का कार्य तथा अन्य सभी स्थानों पर धान मिल एंव दाल मिल कार्यरत है । उपरोक्त के अतिरिक्त इटावा शहर में एक सूत मिल तथा एक दवाओं का अच्छा कारखाना है । पन्द्रह पंचायत उद्योग लकड़ी तथा लोहे की सामग्रियाँ स्टील फर्नीचर आदि भी बनाते हैं । जिसके लिए कच्चा माल उपलब्ध होने में कठिनाई रहती है, जो मुख्यत: कानपुर अथवा आगरा से प्राप्त किये जाते हैं । यही कारण है कि वर्तमान उद्योग अपनी पूरी क्षमता से कार्य नहीं कर पाते हैं तथा नये उद्यमियों को भी इस तरह के उद्योग लगाने का साहस नहीं उत्पन्न होता बसरेहर विकास खण्ड के ग्राम हरिहरपुरा में एक मिनी सुगर प्लान्ट की स्थापना प्रस्तावित है ।

जनपद में शासन द्वारा ग्रामीण अंचल में रेशम उद्योग कोविकसित करने के लिये योजना लागू है । सन् 1980-81 में माडल चाकी कीट पालन योजना प्रारम्भ की गई है । जिसके द्वारा फार्म के सभी स्थल ग्रामीणों के निर्बल वर्गीय लोगों को रेशम कीट पालन कार्य करने हेतु आधारभूत सुविधायें जैसे चाकी , रेशम कीट, सहतूत पत्ती सैम्पिलिंग एंव प्रशिक्षण इत्यादि उनके ग्रामों में ही सुलभ कराये गये हैं । जिससे ग्रामीण आँचलों में खेतिहर मजदूरों एंव लघु कृषकों की अपने ग्राम में ही कृषि के साथ - साथ रेशम कीट पालन द्वारा अतिरिक्त आय होने लगी है। छठी योजना के अन्तर्गत 15 चाकी कीट पालन उद्यानों की स्थापना तथा एक लाख कि0ग्रा0 कोया उत्पादन का लक्ष्य है जिससे इन फार्मों के निकट चार सौ निर्बल वर्गीय ग्रामीण परिवारों की आय में काफी वृद्धि हो सकेगी । वर्ष 1983-84 में विकास खण्ड जसवन्तनगर, भाग्यनगर, अजीतमल एंव महेवा में बीस-बीस एकड़ के चार चाकी कीट पालन सहतूत उद्यानों की स्थापना की जा चुकी है तथा वर्ष 1984-85 में भी चार कीट पालन फार्मों की स्थापना विकास खण्ड जसवन्तनगर, अजीतमल, अछल्दा एंव औरैया में भी प्रस्तावित है ।

हथकरधा योजना के अन्तर्गत हथकरधा सहकारी समितियों की अपने सी0 रू0 मूल्य के प्रति हिस्से पर 75 रुपये का अंशपूँजी ऋण प्रदान किया जाता है । जिससे समिति अपनी वर्तमान अंशपूँजी की वृद्धि करके उत्पादन एंव वित्तीय कार्यक्रमों को मजबूत बनाने हेतु अपनी उधार लेने की क्षमता में वृद्धि कर सके ।वर्ष 1982-83 में अभी तक इस मद में 41 समितियों को 3 लाख रू0 ऋण प्रदान किया जा चुका है जबकि वर्ष 1983-84 में 45 समितियों को 3० लाख रू0 ऋण की सहायता दी गई है । वर्ष 1984-85 में 50 गृहों की एक बुनकर कालोनी का प्रस्तावित थी ।

इसी योजना के अन्तर्गत प्राइमरी बुनकर सहकारी समितियों को बिक्री केन्द्रों की स्थापना हेतु ऋण आधुनिकीकरण हेतु अनुदान तथा मध्यम काल रंगाई घर की स्थापना भी सम्मिलित की गई है ।

उत्पादित माल के विक्रय हेतु जनपद में उचित बाजार नहीं है, यहाँ का बनाया हैण्डलूम का कपड़ा फर्रुखाबाद में छापकर बाहर भेजा जाता है ।जिसका उचित लाभ इस जनपद को नहीं मिल पाता है । धान मिलों से तैयार किया गया सेला चावल भी बाहर भेजा जाता है । छोटे कारखानों के उत्थान के लिये बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं, परन्तु जनपद की परिस्थितियों को देखते हुये बैंकों द्वारा पर्याप्त मात्रा में ऋण उपलब्ध नहीं हो पाता है । जनपद में भारत सरकार की नई औद्योगिक नीति के अनुसार - ग्रामीण एंव लघु स्तरीय उद्योगोंकी स्थापना हितकर होगी । क्योंकि ऐसे - उद्योग कम पूँजी से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ आय के समान वितरण को सुनिश्चित करते हैं । जिला उद्योग द्वारा 71 ग्रामीण उद्योग तथा लघु व्यापार के माडल प्लान बनाकर एंव ट्राइसेम योजना के अन्तर्गत उनको ट्रेनिंग देकर लघु उद्योग स्थापित करने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो जनपद की परिस्थिति को देखते हुये बहुत हितकर है ।

अशोक/

अध्याय-5

सेवायोजन सम्बन्धी समस्यायें :-

वर्तमान समय में जनपद इटावा में एक सार्वजनिक क्षेत्र के तथा कुछ निजी क्षेत्र के संस्थानों में अभ्यर्थियों को नियोजित करने की सुविधा उपलब्ध है । सार्वजनिक क्षेत्र में अर्द्ध राज्य सरकार के अन्तर्गत कोआपरेटिव स्पिनिंग मिल है जो शिक्षित एंव अशिक्षित बेरोजगारों को सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराती है ।

2:- ग्रामीण एंव शहरी क्षेत्रों के अधिकॉशत: अभ्यार्थियों को स्वत: नियोजन हेतु जिला ग्रामोद्योग के माध्यम से एकीकृत ग्राम्य विकास एंव स्पेशल कम्पोनेन्ट तथा ट्राइसेम योजना के अन्तर्गत ऋण प्रदान करने की सुविध उपलब्ध है ।

3:-श्रमिक शिल्पकार तथा पढ़े लिखे बेरोजगार नौजवानों को स्वत: प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधायें दी जा रही है । रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम व्यवसायिक निर्देश दिया जाता है जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिये विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एंव शिशु प्रशिक्षण अधिनियम के अन्तर्गत नियोजकों के यहॉ लगाये जाने का प्रयास किया जाता है ।

4:- अभ्यर्थियों की बेरोजगारी को देखते हुये उपरोक्त विभिन्न सुविधाओं के अन्तर्गत साधन पर्याप्त नहीं है तथा रोजगार के अवसर भी कम उपलब्ध हैं । जिससे दिन प्रतिदिन बेरोजगारों की संख्या और अधिक बढ़ती जा रही है । वर्तमान योजना में स्वत: रोजगार पर ही अधिक बल दिया गया है ।

अशोक/

## अध्याय-6

### पिछड़े समुदाय की समस्या :-

समाज में हरिजन वर्ग सदियों से दरिद्रता, निर्धनता, अशिक्षा, सामाजिक असमानता तथा छूआछूत से पीड़ित रहा है और सबल लोगों द्वारा इनका शोषण होता रहा है । जिससे कि समाज में इनकी स्थिति प्रत्येक क्षेत्र में कमजोर होती गयी । राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक आदि बड़े नेताओं ने इनके उत्थान तथा समाज में बराबर का दर्जा देने के लिये अथक प्रयास किया । गाँधी जी ने कहा था कि ऐसे समाज का सदस्य रहकर मैं जीना नहीं चाहता, जो अपने दलित भाईयों के साथ जरा सा भी न्याय नहीं करना चाहता खासकर उस समय जबकि वे अपने किसी अपराध से अछूते नहीं है उन्होनें इनको हरिजन का नाम दिया ।

हमारे जनपद में 3.94 लाख अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं जो कि कुल जनसंख्या का 25 प्रतिशत है । यद्यपि इस जनपद के हरिजन वर्ग शिक्षा तथा आर्थिक विषय में अन्य जनपदों से काफी आगे हैं । फिर भी आबादी में 70 प्रतिशत व्यक्ति गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं । इनके पास आजीविका के समुचित साधन नहीं है, जिससे या तो दूसरों की मजदूरी करते हैं या छोटी मोटी दस्तकारी । जिनके पास थोड़ी बहुत जमीन हैं वे उसके द्वारा जीविकोपार्जन कर रहे हैं । देश की स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् देश और प्रदेश की सरकारों ने इनके उत्थान के लिये अथक प्रयास किये हैं, जिससे कि ये सामुदायिक एंव आर्थिक दृष्टि से सबल हो सकें ।इसी परिपेक्ष्य में बच्चों की नि:शुल्क शिक्षा, शासकीय सेवाओं में आरक्षण का प्राविधान किया गया है जिसमें किसी हद तक सफलता मिली है ।

लेकिन हमारी माननीया स्वर्गीय श्रीमती प्रधान मंत्री जी ने अनुभव किया कि जितना लाभ इस वर्ग को मिलना चाहिये उतना नहीं मिल पा रहा है । अत: अनुसूचित जातियों के आर्थिक कार्यक्रमोंको तेजी तथा प्रभावशाली ढ़ँग

से चलाने और इस वर्ग के लोगों को सरलता से वित्तीय सुविधा सुलभ कराने हेतु स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान की एक नयी योजना 2 अक्टूबर 1980 से चलाई गयी, जिसके अन्तर्गत अलग से एक कार्यालय का सृजन किया गया है और प्रत्येक विभागों में हरिजनों को लाभ पहुँचाने हेतु धन मात्राकृत कर दिया गया है । इन प्रत्येक विकास विभागों की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समन्वय समिति द्वारा प्रगति समीक्षा की जाती है । 20 सूत्रीय कार्यक्रम में भी इसकी प्रगति की समीक्षा की जाती है । एक बहुत सीमा तक अस्पृश्यता भी कम हो गयी है ।शासन अनुसूचित जाति के व्यक्तियों का स्तर, आत्म सम्मान तथा मनोबल ऊँचा करने के लिये कटिबद्ध है । इसी क्रम में शासन ने वर्ष 1984-85 में पिछड़ी जाति के 3500 छात्रों को 5.27 लाख रू0 छात्रवृत्ति के रूप में दिये एंव 10440 हरिजन विद्यार्थियों को 3.53 लाख रूपये की पुस्तकें तथा लेखन सामग्री वितरित की गयी । इसके अतिरिक्त दशमोत्तर कक्षाओं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को 32 हजार रू0 की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में वितरित की गयी । स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना के अन्तर्गत वर्ष 1934-85 में 7200 के विपरीत 7596 हरिजन परिवारों को बैंक ऋण, अनुदान तथा अन्य साधन सुलभ करा कर उन्हें रोजगार दिलाकर गरीबी की रेखा से ऊपर उठाया गया ।

इस पिछड़े समुदाय की अन्य समस्याओं के साथ ही परित्यक्त महिलायें निराश्रित बालकों, विकलांगों , पतित तथा पतोन्मुख महिलाओं के लिये विभिन्न संस्थायें संचालित की गयी । इस जनपद में जिला शरणालय एंव प्रवेशालय।महिला। राजकीय पर्यवेक्षण गृह तथा राजकीय अनुमोदित विद्यालय चल रहे हैं । इसके अतिरिक्त विधवा महिलाओं के लिये अनुदान की सुविधा, हरिजन एंव समाज कल्याण से सुलभ हैं एंव विकलांगों को कृत्रिम अंगों तथा जीवन यापन के लिये अनुदान दिये जाने की योजना है ।

## अध्याय-7

जिला नियोजन में कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की भाँति विकास चाहते हैं और उनके लिये अन्य जनपदों की भाँति इस जनपद में भी कार्यक्रम है । कुछ ऐसे भी कार्यक्रम है जो इस जनपद की विशेष परिस्थितियों के अनुरूप है । अत: उनके लिये विशेष कार्यक्रम बनाये जाते है । जो योजनायें सभी जिलों में चल रही है । उनमें मुख्य निम्नलिखित है :-

1-एकीकृत ग्राम्य विकास योजना

2-स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना

3-राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना

एकीकृत ग्राम्य विकास योजना का उद्देश्य देश में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को इस रेखा से ऊपर उठाना है । जिन परिवारों की वार्षिक आय 3500/- रु0 तक है । वह इस श्रेणी में आते हैं । प्रत्येक वर्ष प्रत्येक विकास खण्ड से 600 परिवारों का चयन कर उनकी आय को इस प्रकार बढ़ाना है कि वह इस सीमा से ऊपर हो जायें । इसके लिये अन्त्योदय प्रणाली तथा कल्सटर एप्रोच अर्थात् समूह चयन विधि प्रयोग की जाती है ।

आय बढ़ाने के लिये परिवारों को उनके वर्तमान व्यवसायों में सहायता करना, नये व्यवसाय देना तथा परिवार के अन्य सदस्यों को अतिरिक्त आय अर्जित करने के अन्य कार्यों में लगाना है । इसके लिये कृषि पोषक, कृषि सहायक, व्यापार, उद्यम तथा ट्राइसम की योजनायें हैं ।

इस जनपद के सभी 14 विकास खण्डों में यह योजना कार्य कर रही है तथा इसके द्वारा संतोषजनक उपलब्धियाँ प्राप्त की गई हैं । इन उपलब्धियों को और ऊँचा उठाने की आवश्यकता है । इस कार्यक्रम के संचालन में निम्न विशेष कठिनाईयाँ आ रही है ।

1:-कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिये बैंकों की वित्तीय सहायता पर निर्भर रहना पड़ता है । सभी बैंक मैनेजर कार्यक्रम में आस्था तथा मनोयोग में योगदान नहीं करते हैं ।

2:- जो सहायता दी जाती है उसका लाभ परिस्थितिवश या जान बूझकर नहीं उठाया जाता है, फलस्वरूप वित्तीय सहायता के दुरूपयोग के कारण ऋण वापस करना कठिन हो जाता है तथा बैंक वसूली कम होने के कारण और अधिक ऋण सहायता देने के आनाकानी करते हैं ।

3:- जो सहायता निर्बल वर्ग को दी जाती है उसे कुछ सबल वर्ग के लोग पुराने ऋण के भुगतान के बदले बलपूर्वक प्राप्त कर लेते हैं अथवा ऋणी स्वयं पुराना ऋण दे देता है । जिससे निर्बल परिवार को तो लाभ नहीं होता पर उस पर अदायगी का भार बढ़ जाता है ।

4:-जो परिवार किसी कारणवश पूर्व के बकायादार है वे आगे ऋण सहायता प्राप्त नहीं कर सकते। ऐसे परिवारों की संख्या बहुत अधिक है व दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ।इन कठिनाइयों को दूर करके ही इस कार्यक्रम को लोक प्रिय एंव लाभकारी बनाया जा सकता है।

वर्ष 1984-85 में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा 8400 लाभार्थियों को 112 लाख रु0 अनुदान दिलाया गया है । 560 प्रशिक्षार्थियों को ट्राइसम योजना में प्रशिक्षित किया गया । वर्ष 1985-86 में भी ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा 8400 लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है ।

स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना :-

इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित व जनजाति के परिवारों को दी जाने वाली सहायता बढ़ाई गई है । प्रथम तो यह निर्धारित कर दिया गया है कि प्रत्येक विभाग के व्यय का 20 प्रतिशत इस वर्ग के लोगों पर व्यय हो । दूसरे एकीकृत ग्राम्य विकास योजना के लाभार्थियों को सहायता में वृद्धि कर 25 प्रतिशत या 33⅓- प्रतिशत के अनुदान के ऊपर 50 प्रतिशततक पूरा करने हेतु मार्जिन मनी 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण के रूप में दी जाती है । यह योजना लाभकारी है पर ग्रामीण क्षेत्रों में एकीकृत ग्राम्य विकास योजना से बंधकर रह गई है । इससे

केवल उन्हीं लोगों को लाभ मिल सकता है । जो आई0आर0डी0 से लाभान्वित हों । शहरी क्षेत्र में इसका योगदान कम है क्योंकि वहाँ के लिये कार्यकर्ता कम है ।

यदि इस योजना को सबल बनाना है तो एक और सघन कार्यक्रम लेना होगा जैसा कि इस जनपद के छः विकास खण्ड में है । इसके लिये सभी विकास खण्डों में अतिरिक्त स्टाफ भी देना होगा । दूसरे इस योजना को स्वतन्त्र रूप देना होगा ।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना :-

यह " श्रम के बदले अन्न " योजना का परिष्कृत रूप है । इसमें ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों , नालों, तालाबों, पुलियाँ आदि बनाने का प्राविधान है । इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सड़कें ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु बनाई गई है । इसके अतिरिक्त किये गये अन्य कार्य भी ग्रामों के लिये उपयोगी हैं ।

इस कार्यक्रम को अब चलाने में जो कठिनाइयाँ आ रही हैं वे निम्नलिखित है :-

॥1॥ अभी तक जो कार्य हुये हैं वे अस्थायी प्रकृति के हैं, उन्हें स्थायी प्रकृति का बनाना आवश्यक है और यही वर्तमान नीति भी है ।

॥2॥ भारी कार्यों के लिये भी श्रम व वस्तुअंश 60 प्रतिशत व 40 प्रतिशत है जबकि अभियन्ताओं के अनुसार यह 20 प्रतिशत व 80 प्रतिशत होना चाहिए । यह प्रश्न शासन के विचाराधीन है तथा उस पर जितनी जल्दी निर्णय हो जाये कार्य प्रारम्भ कर दिया जाना चाहिए ।

जिले की विशिष्ट योजना :-

इटावा जनपद ग्राम्य विकास कार्य में अग्रणी रहा है । वर्ष 1948 से ही अलवर्ट मायर की देखरेख में यहाँ ग्राम्य विकास कार्य प्रारम्भ किया गया था इसी कार्यक्रम से प्रभावित होकर इटावा जिले में अग्रगामी विकास योजना का

सूत्रपात किया गया । यह योजना अब भी इस जिले के 3. विकास खण्डों महेवा, अजीतमल तथा भाग्यनगर में कार्य कर रही है । इस योजना के अन्तर्गत भूमि सुधार, युवक कल्याण, कृषि यंत्र , उत्पादन कृत्रिम गर्भाधान, अल्प सिंचाई अनर सुधार, वायो गैस संयंत्र स्थापना आदि कार्य किये जा रहे हैं । इस योजना को और अधिक गति देने तथा ऐसे नये कार्यक्रम अपनाने की आवश्यकता है जो साधारण विकास खण्डों में न लिये जा रहे हैं । स्पेशल कम्पोनेन्ट का सघन कार्यक्रम जो महेवा विकास खण्ड में चल रहा है । इसका एक उदाहरण है ।

अशोक/

अध्याय-8

उत्तर प्रदेश जैसे निर्धन प्रदेश में घरेलू बचत बहुत कम हो पाती है जबकि विकास योजनाओं पर होने वाला ब्यय केन्द्र द्वारा प्रदेश की आन्तारिक बचत के आधार पर स्वीकृत किया जाता है । अतः घरेलू बचत को प्रोत्साहन देनेके लिये वित्तीय बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ - साथ विकास कार्यक्रमों की सफलता के लिये कृषि क्षेत्रों में कृषकों को तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लघु उद्योगों एंव नगरीय क्षेत्र में बड़े उद्योगों के लिये भी वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं । सभी प्रकार के ब्यवसायों के लिये भी बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध है ।

